दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, गुरुवार 07 नवंबर 2024

www.nyaysakshi.com



संपादकीय

## चमक पर ग्रहण क्यों?

वित्तीय बाजारों की चमक ही एकमात्र पहलू है, जिस पर भारत के आर्थिक उदय का सारा कथानक टिका हुआ है। वरना, निवेश-उत्पादन-वितरण की वास्तविक अर्थव्यवस्था किसी कोण से चमकती नजर नहीं आती। अब वित्तीय बाजारों पर भी ग्रहण के संकेत हैं।

अक्टूबर में विदेशी पोर्टपोलियो निवेशकों (एफपीआईज) ने भारतीय बाजारों से लगभग 94,000 करोड़ रुपये निकाल लिए। यह अभूतपूर्व है। इसके पहले किसी एक महीने में एफपीआईज ने इतनी बड़ी निकासी नहीं की थी। कोरोना महामारी ने जब दस्तक दी थी, तब मार्च 2020 में इन निवेशकों ने 61,973 करोड़ रुपये निकाले थे, जो अब तक का रिकॉर्ड था। ताजा निकासी का नतीजा हुआ कि अक्टूबर में भारतीय शेयर बाजार सूचकांक में आठ प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। लाजिमी है कि इस घटनाक्रम ने भारत के वित्तीय प्रबंधकों की चिंता बढ़ाई है। आखिर, वित्तीय बाजारों की चमक ही एकमात्र पहलू है, जिस पर भारत के आर्थिक उदय का सारा कथानक टिका हुआ है। वरना, निवेश-उत्पादन-वितरण की वास्तविक अर्थव्यवस्था किसी कोण से चमकती नजर नहीं आती।

उलटे अब तो केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने भी उपभोग एवं मांग गिरने की हकीकत को मान लिया है। अक्टूबर में वास्तविक अर्थव्यवस्था से जुड़े कारोबारी और यहां तक कि वित्तीय अखबार भी यह कहने को मजबूर हुए कि भारत में मध्य वर्ग सिकुड़ रहा है। जबकि दुनिया में जो भी देश विकसित हुए है, उनकी आर्थिक समृद्धि मध्य वर्ग के विस्तार पर टिकी रही है। भारत में अब सामने यह है कि एकमात्र चमकते पक्ष पर भी ग्रहण लग रहा है। जानकारों ने इसके दो कारण बताए हैं। पहला यह कि भारतीय शेयर ओवरवैल्यूड हैं- यानी उनकी स्वाभाविक कीमत जितनी होनी चाहिए, उससे ज्यादा कर दी गई है।

दूसरा, यह कि चीन प्रोत्साहन पैकेज देकर अपने शेयर बाजारों को संभाल रहा है, जिससे विदेशी निवेशकों को वहां पैसा लगाना ज्यादा फायदेमंद दिखने लगा है। नतीजतन, वे शेयर बाजार के अलावा ऋण बाजार से भी लगभग साढ़े चार हजार करोड़ रुपए निकाल कर ले गए। अब निगाहें इस पर टिकी हैं कि क्या इस महीने या आने वाले महीनों में ट्रेंड पलटता है। ऐसा नहीं हुआ, तो खासकर 2020 के बाद से शेयर बाजारों में बढ़ती गई चमक को बनाए रखना लगभग असंभव हो जाएगा। छोटे निवेशकों को इस क्रम में जो नुकसान हो रहा है, वह अलग है। कुल मिलाकर भारत के आर्थिक प्रबंधकों के सामने एक कठिन चुनौती आ खड़ी हुई है।

# टेक्सटाइल में चीन सहित दूसरे देशों को मात देगा उत्तर प्रदेश

लखनऊ



उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने के प्रयासों में एमएसएमई सेक्टर मजबूत साझेदारी निभा रहा है। सीएम योगी के विजन के अनुरूप प्रदेश को टेक्सटाइल हब बनाने के लिए 11 नए निजी टेक्सटाइल पार्क गोरखपुर, मऊ, भदोही, अलीगढ़, बागपत और शामली आदि जिलों में बनाए जाएंगे। इससे चीन सहित अन्य देशों या दूसरे प्रदेशों से यूपी को रॉ-मटेरियल आदि नहीं मंगाने पड़ेंगे।

प्रदेश में पहली बार एमएसएमई विभाग की ओर से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टेक्सटाइल सेक्टर को मजबूत करने के लिए विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इसी के तहत शामली जिले में 726 करोड़ की लागत से प्रदेश का पहला निजी टेक्सटाइल पार्क स्थापित किया जाएगा। इससे दूसरे देशों या प्रदेशों से रॉ-मटेरियल नहीं मंगाना पड़ेगा, स्किल डेवलपमेंट से लेकर विभिन्न सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी।

प्रमुख सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग आलोक कुमार ने बताया कि प्रदेश में 11 निजी टेक्सटाइल पार्क की स्थापना से रॉ-मटेरियल से लेकर विभिन्न वस्त्र आदि बनाए जाएंगे। इससे किसी अन्य प्रदेश या चीन आदि देशों से रॉ-मटेरियल मंगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इसके अलावा लखनऊ में सरकार की ओर से एक हजार एकड़ भूमि में पीएम मित्र पार्क की भी स्थापना की जा रही है।

उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं गारमेंटिंग नीति-2022 के तहत प्रमुख सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग आलोक कुमार की अध्यक्षता में शासकीय स्वीकृति समिति की बैठक में निजी टेक्सटाइल पार्क के विकास के लिए आयनेक्स टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड सैद्धान्तिक (एलओसी) स्वीकृति दी गई। पार्क के निवेशकर्ता द्वारा करीब 126.61 करोड़ रुपये की लागत से आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया जाएगा।

पार्क अगले साल दिसंबर तक क्रियाशील होगा, जिसमें 600 करोड़ रुपये का निवेश और 5,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। प्रस्तावित पार्क शामली के कैराना तहसील के गांव झिंझाना में 26.75 एकड़ भूमि पर बनेगा, जिसमें वीविंग, डाइंग, प्रिंटिंग और गारमेंट की इकाइयों सहित कुल 17 इकाइयां लगेंगी।

पार्क में प्रशासनिक भवन, बैंक/एटीएम, प्रशिक्षण एवं परीक्षण केंद्र, विश्राम गृह, कैंटीन, फर्स्ट एड सेंटर जैसी सामान्य सुविधाओं के साथ-साथ डामर सडक़ नेटवर्क (स्ट्रीट लाइटिंग के साथ), जल आपूर्ति प्रणाली, सीवरेज सिस्टम, वर्षा जल निकासी प्रणाली, सीवेज उपचार संयंत्र, जीरो लिक्विड डिस्चार्ज, संयुक्त अपशिष्ट उपचार संयंत्र (सीईटीपी) बॉयलर, जल और भाप वितरण प्रणाली, विद्युत वितरण प्रणाली एवं वेट ब्रिज जैसी सामान्य बुनियादी सुविधाएं भी होंगी।

## एआई के दौर में एनवीडिया एप्पल को पछाड़कर दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बनी

सैन फ्रांसिस्को

दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बनने के मामले में ग्राफिक्स चिप निर्माता एनवीडिया ने मार्केट वैल्यू के आधार पर एप्पल को पीछे छोड़ दिया है। एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के इस दौर में एनवीडिया का बाजार मूल्य 3.43 ट्रिलियन डॉलर हो गया है, जो एप्पल के 3.38 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा है।

एनवीडिया के सीईओ जेन्सन हुआंग के नेतृत्व में कंपनी ने पहली बार जून में एप्पल को पछाड़ा था, लेकिन तब यह केवल एक दिन के लिए था। मंगलवार को कंपनी के शेयरों में 2.9 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जिससे इसका मार्केट कैप 3.43 ट्रिलियन डॉलर हो गया। अब एनवीडिया एसएंडपी 500 इंडेक्स का 7 प्रतिशत हिस्सा है।

माइक्रोसॉफ्ट का मार्केट कैप वर्तमान में 3.06 ट्रिलियन डॉलर है। एनवीडिया ने 28 जुलाई को समाप्त दूसरी तिमाही में 30 बिलियन डॉलर की आय दर्ज की, जो पिछली तिमाही से 15 प्रतिशत और पिछले साल से 122 प्रतिशत अधिक है।

हुआंग ने बताया कि उनकी हॉपर चिप्स की मांग बनी हुई है और आगामी ब्लैकवेल चिप्स को लेकर भी काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि डेटा सेंटर में एआई और तेज कंप्यूटिंग तकनीक के लिए बड़े स्तर पर अपग्रेड हो रहे हैं, जिसके चलते कंपनी की कमाई रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है।

वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही के दौरान, चिप निर्माता ने शेयरधारकों को 15.4 बिलियन डॉलर वापस किए, जो शेयरों की पुनर्खरीद और नकद लाभांश के रूप में था। दूसरी तिमाही के अंत तक, कंपनी के पास शेयर पुनर्खरीद के लिए 7.5 बिलियन डॉलर बचे हैं।

हुआंग ने एसके हाइनिक्स से कहा है कि वे अपने अगली पीढ़ी के हाई-स्पीड मेमोरी चिप्स को निर्धारित समय से छह महीने पहले तैयार कर दें। ऐसा इसलिए क्योंकि एआई कंप्यूटिंग चिप्स की मांग तेजी से बढ़ रही है।

एनवीडिया के एआई एक्सेलेरेटर्स (जो एआई तकनीक को आगे बढ़ाने के लिए बहुत सारे डेटा पर काम करते हैं) की मांग काफी बढ़ गई है। इन एक्सेलेरेटर्स को सही ढंग से काम करने के लिए हाई-स्पीड मेमोरी चिप्स की जरूरत होती है।

## अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव के बीच हरे निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार, सेंसेक्स 300 से ज्यादा अंक चढ़ा

मुंबई

अमेरिका में हो रहे राष्ट्रपति चुनाव के बीच भारतीय शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इंफ्रा जैसे सेक्टर में खरीदारी हो रही है।

बीएसई का सेंसेक्स 367.63 अंक या 0.46 प्रतिशत चढऩे के बाद 79,844.26 पर कारोबार कर रहा है। वहीं, एनएसई का निफ्टी 95.30 अंक या 0.39 प्रतिशत चढऩे के बाद 24,308.60 पर कारोबार कर रहा है।

बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,820 शेयर हरे, जबकि 449 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं।

निफ्टी बैंक 82.50 अंक या 0.16 प्रतिशत चढऩे के बाद के 52,289.75 पर है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 474.45 अंक या 0.85 प्रतिशत चढऩे के बाद 56,589.90 स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 148.25 अंक या 0.80 प्रतिशत चढऩे के बाद 18,651.70 पर है।

## 2024-25 में खरीफ खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 1,647 लाख टन रहने का अनुमान

नई दिल्ली



पहले अग्रिम अनुमानों के मुताबिक भारत का कुल खरीफ खाद्यान्न उत्पादन वित्त वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 1,647.05 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) रह सकता है। यह पिछले वर्ष के आंकड़े से 89.37 एलएमटी और खरीफ खाद्यान्न के औसत उत्पादन से 124.59 एलएमटी अधिक है। यह जानकारी कृषि मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी किए गए आंकड़ों से मिली।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि चावल, ज्वार और मक्का के अच्छे उत्पादन के कारण खाद्यान्न उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि देखी गई है।

2024-25 के दौरान खरीफ चावल का कुल उत्पादन 1,199.34 एलएमटी होने का अनुमान है जो पिछले वर्ष के खरीफ चावल उत्पादन से 66.75 एलएमटी अधिक है और औसत खरीफ चावल उत्पादन से 114.83 एलएमटी अधिक है।

खरीफ मक्के का उत्पादन 245.41 एलएमटी और खरीफ पोषक या मोटे अनाज का उत्पादन 378.18 एलएमटी होने का अनुमान है।

2024-25 के दौरान कुल खरीफ दलहन उत्पादन 69.54 एलएमटी होने का अनुमान है, जबकि 2024-25 के दौरान देश में कुल खरीफ तिलहन उत्पादन 257.45 एलएमटी होने का अनुमान है जो पिछले वर्ष की तुलना में 15.83 एलएमटी अधिक है।

2024-25 के लिए खरीफ मूंगफली का उत्पादन 103.60 एलएमटी और सोयाबीन का उत्पादन 133.60 एलएमटी होने का अनुमान है।

2024-25 के दौरान देश में गन्ने का उत्पादन 4,399.30 लाख टन और कपास का उत्पादन 299.26 लाख गांठ (प्रत्येक गांठ का वजन 170 किलोग्राम) होने का अनुमान है। जूट और मेस्टा का उत्पादन 84.56 लाख गांठ (प्रत्येक गांठ का वजन 180 किलोग्राम) होने का अनुमान है।

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने कहा कि ये अनुमान मुख्य रूप से राज्यों से प्राप्त जानकारी के आधार पर तैयार किए गए हैं।

# 24-25 नवंबर को सऊदी अरब में होगी आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी

नई दिल्ली

आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी को सऊदी अरब के जेद्दाह में 24-25 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम दो दिनों तक चलेगा। यह दूसरा साल है जब आईपीएल की नीलामी विदेश में हो रही है, लेकिन इस बार यह आयोजन पर्थ में चल रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफ़ी के पहले टेस्ट के तीसरे और चौथे दिन के साथ टकरा रहा है। आईपीएल की मेगा नीलामी को काफ़ी दर्शक देखते हैं क्योंकि इसमें 10 आईपीएल फ्रेंचाइजी अगले तीन वर्षों (2025-27) के लिए अपनी टीम तैयार करेंगी।

हाल ही में सभी फ्रेंचाइजी ने कुल मिलाकर 46 खिलाड़ियों को रिटेन किया था, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-ऑलराउंडर हेनरिक क्लासेन को सबसे महंगे रिटेंशन के रूप में शामिल किया गया है। सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें 23 करोड़ रुपये में अपनी टीम में रिटेन किया है। भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली (रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर) और वेस्टइंडीज़ के विकेटकीपर-बल्लेबाज़ निकोलस पूरन (लखनऊ सुपर जायंट्स) 21 करोड़ रुपये की राशि के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे महंगे रिटेंशन रहे।आईपीएल 2025 के लिए प्लेयर रजिस्ट्रेशन 4 नवंबर 2024 को समाप्त हुआ,



जिसमें कुल 1,574 खिलाड़ियों (1,165 भारतीय और 409 विदेशी) ने नीलामी में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण किया है। रजिस्ट्रेशन किए गए खिलाड़ियों में 320 कैप्ड खिलाड़ी, 1,224 अनकैप्ड खिलाड़ी, और 30 एसोसिएट नेशंस के खिलाड़ी शामिल हैं।

दो दिवसीय नीलामी में राजस्थान रॉयल्स के पास 41 करोड़ का सबसे छोटा बजट होगा क्योंकि राजस्थान की टीम उन दो टीमों में से एक थी जिन्होंने अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन किया है। मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने भी अपने मुख्य समूह के छह खिलाड़ियों को रिटेन किया है, लेकिन उनके पास 51 करोड़ का बजट होगा क्योंकि उनके रिटेंशनों में दो अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल हैं। दोनों टीमों के पास नीलामी में राइट-टू-मैच कार्ड नहीं होंगे।

## आजीवन कप्तानी का प्रतिबंध हटने के बाद डेविड वार्नर बनाए गए इस टीम के कप्तान

नईदिल्ली

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज डेविड वार्नर पर लगे आजीवन कप्तानी का प्रतिबंध कुछ दिन पहले हटाया गया था।अब यह खिलाड़ी बिग बैश लीग में सिडनी थंडर टीम का कप्तान बनाया गया है। वार्नर क्रिस ग्रीन की जगह लेंगे।3 सदस्यीय स्वतंत्र पैनल के समक्ष उन्होंने अपनी कप्तानी का मामला रखा था। इस पैनल ने प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया था।ऐसे में आइए पूरी खबर पर नजर डालते हैं।

कप्तान बनाए जाने के बाद वार्नर ने कहा, इस सीजन फिर से थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं शुरू से ही टीम का हिस्सा था और अब अपने नाम के आगे कप्तान के साथ वापस आना शानदार लगता है। मैं आगे बढक़र नेतृत्व करने और आने वाली युवा प्रतिभाओं के साथ अपना अनुभव साझा करने के लिए उत्सुक हूं। मैं ग्रीन के नेतृत्व की सराहना करता हूं। वह शानदार नेतृत्व क्षमता वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं।



सिडनी थंडर की पूरी टीम: डेविड वार्नर (कप्तान), वेस अगर, कैमरन बैनक्रॉफ्ट, सैम बिलिंग्स, ओलिवर डेविस, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट गिलक्स, क्रिस ग्रीन, लियाम हैचर, सैम कोन्स्टास, निक मैडिन्सन, नाथन मैकएंड्रू, शेरफेन रदरफोर्ड, विलियम साल्जमैन, डैनियल सैम्स, जेसन संघा और तनवीर संघा।पिछले सीजन टीम कुछ खास नहीं कर पाई थी और अंक तालिका में आखिरी स्थान पर रही थी। इस टूर्नामेंट का आगाज 15 दिसंबर से होने वाला है। थंडर अपना पहला मैच 17 दिसंबर को खेलेगी। वार्नर पर गेंद से छेड़छाड़ (सैंडपेपर गेट) कांड के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा आजीवन कप्तानी प्रतिबंध लगाया गया था।दरअसल, कैमरन बैनक्रॉफ्ट को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में तीसरे टेस्ट में गेंद पर सैंडपेपर रगड़ते पाया गया था। तत्कालीन कप्तान स्टीव स्मिथ और उपकप्तान वार्नर पर 1-1 साल का प्रतिबंध लगा था, वहीं बैनक्रॉफ्ट पर 9 महीने की पाबंदी लगाई गई थी।स्मिथ ने कुछ सालों के प्रतिबंध के बाद कप्तानी में वापसी कर ली थी।

## आज का राशिफल

**मेष :** कोई महत्वाकांक्षा पूर्ण होगी. किसी महत्वपूर्ण कार्य से आपको यात्रा पर जाना पड़ सकता है. किसी विशिष्ट व्यक्ति से मार्गदर्शन एवं सानिध्य प्राप्त होगा. चल रहे सम्यक कार्यों में प्रगति का संयोग है. बाल बच्चों में हास्य रस चलता रहेगा.

**वृष :** नौकरी के क्षेत्र में गुप्त शत्रु के षड्यंत्र सावधान रहें. कार्य क्षेत्र पर अधिक ध्यान दे. व्यापार करने वाले लोगों को संघर्षो के बाद लाभ प्राप्ति के योग बनेंगे. नौकरी में आपको महत्वपूर्ण पद से हटाया जा सकता है.

**मिथुन :** व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे. किसी महत्वपूर्ण कार्य में आई बाधा सरकारी सहयोग से दूर होगी. व्यापार की यात्रा सुखद एवं सफल रहेगी. किसी महत्वपूर्ण अभियान का नेतृत्व करने का अवसर आपको मिलेगा. कार्य क्षेत्र में अपनी क्रोध एवं वाणी पर संयम रखें.

**कर्क :** आध्यात्मिक कार्य में रुचि रहेगी. किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी. राजनीति में किसी उच्च पदस्थ व्यक्ति से भेंट होगी. नौकरी में पदोन्नति के साथ महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलेगी. व्यापार में पिता से सहयोग एवं मित्र से सहयोग मिलेगा.

**सिंह :** कोर्ट कचहरी के मामले में निर्णय आपके पक्ष में आ सकता है. खेलकूद प्रतियोगिता में सफलता एवं सम्मान मिलेगा. व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे. राजनीति में पद एवं प्रतिष्ठा बढ़ेगी. नौकरी में विरोधी शांत हो जाएंगे.

**कन्या :** कोई शुभ समाचार मिलेगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य की बाधा सरकारी मदद से दूर होगी. परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी. गृहस्थ जीवन सुखद रहेगा. और श्रृंगार में रुचि अधिक रहेगी. व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे.

**तुला :** कार्य व्यवसाय के क्षेत्र में आने वाली समस्याओं का गंभीरता पूर्वक सामना करने के लिए तैयार रहें. घबराएं नहीं. महत्वपूर्ण कार्य में संघर्ष के पश्चात पूर्ण होंगे. विरोधी पक्ष आपकी कमजोरी का लाभ उठाने की कोशिश करेंगे.

**वृश्चिक :** शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करेंगे. करवास से मुक्त होंगे. पारिवारिक स्थिति में सुधार होगा. राजनीतिक विरोधी परास्त होंगे. नौकरी में उच्च अधिकारी की निकटता का लाभ मिलेगा.

**धनु :** संतान पक्ष से अकारण तनाव मिलेगा. अध्ययन में मन कम लगेगा. पुराने मित्र से शुभ समाचार प्राप्त होगा. नौकरी में नए मित्र बनेंगे. व्यापारिक स्थिति में सुधार होगा. कला, अभिनय की दुनिया से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त होगी.

**मकर :** भूमि संबंधी कार्य में आ रही बाधा सरकारी मदद से दूर होगी. व्यापार में परिश्रम अत्यधिक करना पड़ेगा. नौकरी में मतभेद हो सकते हैं. अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है. राजनीति में जनमानस का सहयोग मिलेगा.

**कुंभ :** बिगड़े हुए काम बनेंगे. वाहन आदि के क्रय विक्रय का अवसर मिलेगा. लंबी यात्रा अनुकूल रहेगी. कार्य क्षेत्र में वातावरण आपके अनुकूल बनेगा. राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी.

**मीन :** राजनीतिक क्षेत्र में आपकी भाषण शैली की सराहना होगी. किसी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही का विचार छोड़ दें. किसी की कही सुनी बातों पर ध्यान ना दें. पारिवारिक समस्या का समाधान हो जाएगा.

## अजय देवगन की अपकमिंग फिल्म आजाद का दमदार टीजर आया सामने




**मुंबई।** अजय देवगन, डायना पेंटी और अमन देवगन और राशा थडानी अभिनीत आगामी एक्शन फिल्म आजाद का टीजर सामने आया है।

आजाद के निर्माता अभिषेक कपूर ने फिल्म के टीजर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, हर जंग में, हर बहादुर योद्धा के साथ, एक वफादार घोड़ा जरूर रहा है। आजाद का टीजर रिलीज हुआ, जनवरी 2025 में बड़े पर्दे पर रोमांच का नजारा देखें।

यह दिलचस्प टीजर दर्शकों को हल्दीघाटी के ऐतिहासिक युद्ध की याद दिलाता है। इस टीजर में महाराणा प्रताप को दिखाया गया है, जिन्होंने 40 हजार की एक खतरनाक दुश्मन सेना का सामना केवल आठ से नौ हजार सैनिकों के साथ किया।

टीजर में महाराणा प्रताप के घोड़े पर फोकस किया गया है। टीजर में उसे हाथी जितना लंबा, मोर की तरह पतली गर्दन वाला और बिजली की तरह तेज बताया गया है। कहा गया है कि यह तेजी के साथ घाटियों को पार करने में सक्षम है। आजाद अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की बॉलीवुड में पहली फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन काई पो चे, केदारनाथ, रॉक ऑन और चंडीगढ़ करे आशिकी जैसी शानदार फिल्में बनाने वाले निर्देशक अभिषेक कपूर ने किया है। 30 अक्टूबर को अजय ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म आजाद का पहला पोस्टर जारी किया था। पोस्टर में घोड़े पर सवार एक व्यक्ति को कई हाथों से घिरा हुआ दिखाया गया है, लेकिन किसी का चेहरा नहीं दिखाया गया है।

## हिंदी सिनेमा में कल्ट क्लासिक फिल्म 'शूल' के 25 साल पूरे



**मुंबई ।** हिंदी सिनेमा में कल्ट क्लासिक फिल्म 'शूल' के 25 साल पूरे होने पर बॉलीवुड के फेमस कलाकार मनोज बाजपेयी ने कहा कि फिल्म की यात्रा 'शुद्ध जुनून, धैर्य और अटूट विश्वास' से पैदा हुई है। मनोज ने इंस्टाग्राम पर 1999 में रिलीज हुई एक्शन क्राइम फिल्म से कुछ तस्वीरें शेयर की। यह फिल्म कल्ट फिल्मों में शामिल हुई। इन तस्वीरों में राम गोपाल वर्मा को भी देखा जा सकता है। इसके साथ ही इसमें रवीना टंडन की भी झलक देखी जा सकती है। उन्होंने लिखा, शूल के 25 साल, शुद्ध जुनून, धैर्य और अटूट विश्वास से पैदा हुई एक यात्रा। दूरदर्शी राम गोपाल वर्मा के साथ काम करना प्रेरणादायक से कम नहीं था। इस कहानी को अपने कंधों पर उठाने के लिए उनका मुझ पर विश्वास सब कुछ था, खासकर ऐसे समय में जब बहुत कम लोग ऐसा जोखिम उठाते हैं।

## टेस्ट सीरीज हार के बाद अनुष्का शर्मा ने पति विराट और बच्चों के साथ शेयर की तस्वीर



**मुंबई ।** पिछली बार बॉलीवुड फिल्म जीरो में नजर आने वाली अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने अपने पति व भारतीय आक्रामक बल्लेबाज विराट कोहली और अपने दो बच्चों के साथ अपनी एक शानदार तस्वीर शेयर की।

अभिनेत्री ने अपने फैंस के लिए इंस्टाग्राम पर यह तस्वीर शेयर की। तस्वीर में विराट अपने दोनों बच्चों, बेटी वामिका और बेटे अकाय को पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि उन्होंने इमोजी से अपने बच्चों के चेहरे छिपाए हैं।

विराट और अनुष्का अपने बच्चों को हमेशा से की कैमरे की नजर से दूर रखते हैं। उन्होंने कई बार मीडिया से उनके बच्चों की तस्वीरें क्लिक न करने का अनुरोध किया है। इस साल फरवरी में इस जोड़े ने अपने दूसरे बच्चे, बेटे अकाय का स्वागत किया।

हाल ही में हुई टेस्ट सीरीज में भारत को न्यूजीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम, जिसे वर्तमान में विराट के 2011 क्रिकेट विश्व कप टीम के साथी गौतम गंभीर द्वारा कोचिंग दी जा रही है, पहले ही मैच में अपनी स्थिति खो बैठी और पूरी सीरीज में न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण से कभी उबर नहीं पाई।

यह खेल के इतिहास में पहली बार है जब भारत को घरेलू मैदान पर व्हाइट-वॉश किया गया है।

इस शर्मनाक हार ने गौतम गंभीर की कोचिंग क्षमताओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खासकर तब जब भारत ने इस साल जून में टी20 क्रिकेट विश्व कप में शानदार जीत दर्ज की थी।

भारत को घरेलू मैदान पर सबसे मजबूत टीमों में से एक माना जाता है, लेकिन हाल की सीरीज में जो कुछ हुआ, उसे देखते हुए, आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में टीम के प्रदर्शन को लेकर गंभीर संदेह पैदा हो गया है, जहां भारतीय क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम से भिड़ेगी।


## शब्द सामर्थ्य- 228

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 227 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | | | स |
| ट | | भ | ला | ई | | अ | स | म |
| ना | म | | | स | मा | धि | | झ |
| | ज | | बे | | न | का | र | ना |
| बा | बू | | आ | य | क | र | | |
| | र | की | ब | | | | प्र | था |
| ज | | | रू | प | क | | ज | न |
| हा | | पा | | ना | म | ची | न | |
| ज | हां | प | ना | ह | | ता | न | ना |

## सू-दोकू- 228

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.227 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |